# UNIVERSITY NEWS 24 JUNE 2026

## AMAR UJALA

# लविवि : एमबीए की 75 सीटें बढ़ीं

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विवि की कार्य परिषद ने सोमवार को आयोजित बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। इनमें एमबीए पाठ्यक्रम में 75 अतिरिक्त सीटें बढ़ाने का निर्णय लिया गया तो वहीं कंप्यूटर विज्ञान विभाग में 15 नए शिक्षकों के पद सृजित किए गए। विश्वविद्यालय ने समान अवसर सेल व सामुदायिक शैक्षिक विकास सेल के गठन को भी मंजूरी दे दी है।

कुलपति प्रो. जेपी सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रबंधन विभाग के प्रस्ताव पर एमबीए पाठ्यक्रम में 75 सीटों का एक नया सेक्शन खोलने का निर्णय लिया गया। यह स्ववित्त पोषित योजना के तहत मुख्य परिसर में संचालित होगा। कंप्यूटर विज्ञान विभाग में दो एसोसिएट प्रोफेसर और 13 असिस्टेंट प्रोफेसर के पद सृजित करने की सैद्धांतिक सहमति मिली है। इस प्रस्ताव को आगे की कार्रवाई के लिए वित्त समिति के पास भेजा गया है। कार्य परिषद ने उत्तर

### कार्य परिषद ने लिए निर्णय, दो सेल का गठन, दो एसोसिएट प्रोफेसर व 13 असिस्टेंट प्रोफेसरों की होगी भर्ती

प्रदेश शासन की ओर से जारी आगामी सत्र के शैक्षिक कैलेंडर को भी अनुमोदित किया।

विवि ने समान अवसर सेल (ईओसी) के दिशा-निर्देशों को मंजूरी दी है। इसका मुख्य उद्देश्य वंचित समूहों को समान अवसर प्रदान करना है। इनमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों, महिलाओं और दिव्यांगजन शामिल हैं। ईओसी में एक अध्यक्ष और तीन अन्य सदस्य शामिल होंगे। सामुदायिक शैक्षिक विकास सेल (सीईडीसी) के गठन और नियमों को भी स्वीकृति मिली है। सीईडीसी गोद लिए गए गांवों और शहरी मलिन बस्तियों में गतिविधियां संचालित करेगा। डिजिटल साक्षरता शिविर और जीवन-कौशल शिक्षा शामिल हैं। इस सेल का संचालन कुलपति के मार्गदर्शन में एक समिति करेगी।

### प्रवेश परीक्षा की तिथियां जारी

लखनऊ। लविवि ने स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए परीक्षा की तिथियां घोषित कर दी हैं। शुरुआत छह जुलाई से होगी। पहले दिन बीजेएमसी की परीक्षा सुबह 10:30 बजे से होगी। इसी दिन दोपहर ढाई बजे से बीएलएड की प्रवेश परीक्षा होगी। विवि के परीक्षा विभाग के अनुसार, अभी प्रारंभिक तौर पर प्रवेश परीक्षा की सूची जारी की गई है, इसमें आगे संशोधन भी किया जा सकता है। परीक्षा विभाग के अनुसार, एक दिन में दो प्रवेश परीक्षाएं होंगी जिसमें से एक पहली पाली में 10:30 बजे से तो दूसरी पाली में दोपहर 2:30 बजे से होगी। सात जुलाई को बीवोक और बीएफए-बीवीए, आठ जुलाई को बीकॉम ऑनर्स व बीकॉम की परीक्षा होगी। नौ जुलाई को पांच वर्षीय एलएलबी और बीबीए, 10 जुलाई को डीफार्मा व बीएससी कृषि, 11 जुलाई को बीएससी बायो व बीए और 12 जुलाई को बीसीए व बीएससी मैथ्स की प्रवेश परीक्षा कराई जाएगी। प्रवेश परीक्षा में कुल सौ प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न दो-दो अंकों का होगा। प्रश्न मल्टीपल चॉइस होंगे। निगेटिव मार्किंग नहीं होगी और समय दो घंटे रखा गया है। (माई सिटी रिपोर्टर)

### लखनऊ विवि परिसर का होगा अग्नि सुरक्षा निरीक्षण

लखनऊ। अलीगंज के सेक्टर डी में सोमवार दोपहर एनीमेशन कोचिंग सेंटर में हुए भीषण अग्निकांड के बाद अब राजधानी की शिक्षण संस्थाएं, विश्वविद्यालय, महाविद्यालय और कोचिंग संस्थान नींद से जागे हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने परिसर का अग्नि सुरक्षा निरीक्षण कराने का निर्णय लिया है। इसकी रिपोर्ट भी शासन को भेजी जाएगी।

कुलपति जेपी सैनी ने कहा कि परिसर के हजारों छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने अलीगंज की घटना को गंभीर चेतावनी बताया। उन्होंने कहा कि अग्नि सुरक्षा निरीक्षण में सभी शैक्षणिक विभागों, प्रयोगशालाओं, छात्रावासों और पुस्तकालयों में सुरक्षा इंतजामों की तकनीकी समीक्षा होगी। सुरक्षा मानकों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। विवि स्तर पर सुरक्षा मानकों को कड़ा करने के लिए यह निरीक्षण जल्द पूरा होगा। इसकी विस्तृत रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। इसमें दिए गए सुरक्षा के सुझाव और निर्देशों के अनुरूप तत्काल सुधार किए जाएंगे।

- कुलपति ने बताया कि विवि प्रशासन ने सुरक्षा अभियान का दायरा मुख्य परिसर से बढ़ाया है। सभी संबद्ध महाविद्यालयों को भी निर्देश दिए हैं कि उन्हें अपने स्तर पर अनिवार्य रूप से अग्नि सुरक्षा निरीक्षण कराना होगा। इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देशों के साथ पत्र जारी किया जा रहा है। (माई सिटी रिपोर्टर)

## HINDUSTAN

# एलयू में एमबीए की बढ़ीं सीटें कंप्यूटर साइंस में 15 नए पद

**विस्तार**

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में नए शैक्षिक सत्र को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। कुलपति की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कार्य परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लगाई गई। बैठक में रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के विस्तार, शिक्षकों की संख्या बढ़ाने और सामाजिक समावेशन को मजबूत करने से जुड़े प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

बैठक में प्रबंधन विभाग के प्रस्ताव पर मुख्य परिसर में स्ववित्त पोषित योजना के तहत एमबीए पाठ्यक्रम में 75 सीटों के अतिरिक्त सेक्शन को मंजूरी दी गई। इससे प्रबंधन शिक्षा में रुचि रखने वाले अधिक छात्रों को प्रवेश का अवसर मिलेगा। इसके अलावा कंप्यूटर साइंस विभाग में शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए नए पद सृजित करने के प्रस्ताव को भी सैद्धांतिक सहमति दी गई। विभाग में एसएफएस के तहत एसोसिएट प्रोफेसर के दो और असिस्टेंट प्रोफेसर के 13 पद बनाए जाने का प्रस्ताव है। अंतिम प्रक्रिया के लिए इसे वित्त समिति को भेजा गया है। कार्य परिषद ने उत्तर प्रदेश शासन की ओर से जारी नए शैक्षिक कैलेंडर को भी स्वीकृति दे दी। इसके तहत विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों में प्रवेश, कक्षाओं और परीक्षाएं तय समय पर कराने का लक्ष्य रखा गया है। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कहा कि ये फैसले लखनऊ विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप बेहतर, समावेशी और रोजगारपरक शिक्षा केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

**शिकायत निवारण के लिए सिंगल विंडो व्यवस्था**

बैठक में समान अवसर सेल (ईओसी) की गाइडलाइंस को भी मंजूरी मिली। सेल का उद्देश्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिलाओं और दिव्यांग छात्रों को समान अवसर उपलब्ध कराना होगा। सेल छात्रों को छात्रवृत्ति, करियर मार्गदर्शन, शिकायत निवारण के लिए सिंगल विंडो व्यवस्था देगी।

**गोद लिए गांवों के लिए सेल**

विवि ने सामुदायिक शैक्षिक विकास सेल (सीईडीसी) के गठन को भी मंजूरी दी। यह सेल गोद लिए गए गांवों और शहरी मलिन बस्तियों में डिजिटल साक्षरता, कार्यात्मक शिक्षा और जीवन कौशल से जुड़े कार्यक्रम चलाएगा।

बीजेएमसी, बीए, बीकॉम, बीबीए समेत अन्य पाठ्यक्रमों के लिए जारी हुईं अनंतिम तिथियां

# एलयू में यूजी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा छह से 12 जुलाई तक होगी

**दाखिले की दौड़**

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2026-27 केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के तहत स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा की तिथियां तय कर दी गई हैं। जिसकी शुरुआत छह जुलाई से होगी। विश्वविद्यालय के प्रवेश प्रकोष्ठ ने विभिन्न पाठ्यक्रमों की अनंतिम परीक्षा तिथि जारी कर दी है। परीक्षाएं छह जुलाई से 12 जुलाई तक आयोजित की जाएंगी।

जारी कार्यक्रम के अनुसार छह जुलाई को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक बैचलर ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन (बीजेएमसी) की प्रवेश परीक्षा होगी। इसी दिन दोपहर 2:30 बजे से शाम चार बजे तक बीएलएड के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी। सात जुलाई को सुबह की पाली में बीवोक रिन्यूएबल एनर्जी और दोपहर की पाली में बीएफए या बीवीए की परीक्षा होगी।

- छह जुलाई को सुबह 10:30 बजे से बीजेएमसी की प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी

आठ जुलाई को सुबह बीकॉम ऑनर्स और दोपहर में बीकॉम पाठ्यक्रम के लिए परीक्षा निर्धारित है। नौ जुलाई को सुबह 10:30 बजे से एलएलबी इंटीग्रेटेड पांच वर्षीय और दोपहर 2:30 बजे से बीबीए की प्रवेश परीक्षा होगी। 10 जुलाई को सुबह डीफार्मा और दोपहर में बीएससी एग्रीकल्चर की परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके बाद 11 जुलाई को सुबह बीएससी बायो और दोपहर में बीए की परीक्षा होगी। अंतिम दिन 12 जुलाई को सुबह बीसीए और दोपहर में बीएससी मैथ्स के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।

# परिसर का फायर ऑडिट होगा, शासन जाएगी रिपोर्ट

लखनऊ, संवाददाता। कोचिंग में हुई आगजनी के बाद एलयू प्रशासन ने परिसर की अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ा कदम उठाया है। कुलपति ने पूरे विवि परिसर का व्यापक फायर ऑडिट कराने का निर्णय लिया है। इसके तहत विभागों, प्रयोगशालाओं, छात्रावासों और पुस्तकालयों में मौजूद अग्नि सुरक्षा इंतजामों की तकनीकी जांच की जाएगी।

कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कहा कि परिसर में पढ़ने वाले हजारों छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों की सुरक्षा विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हालिया घटना को गंभीर चेतावनी बताते हुए उन्होंने कहा कि फायर ऑडिट के

- कोचिंग अग्निकांड के बाद विश्वविद्यालय ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की

माध्यम से सभी स्थानों पर सुरक्षा मानकों की नए सिरे से समीक्षा की जाएगी। किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

एलयू प्रशासन के अनुसार, फायर ऑडिट पूरा होने के बाद इसकी विस्तृत रिपोर्ट उत्तर प्रदेश शासन को भेजी जाएगी। रिपोर्ट में सामने आने वाली कमियों और सुझावों के आधार पर परिसर में जरूरी सुधार तत्काल कराए जाएंगे। बताया कि सुरक्षा को लेकर पहले से ही समीक्षा शुरू कर दी गई थी।

## VOICE OF LKO

# लविवि परिसर का होगा 'फायर ऑडिट'

लखनऊ। राजधानी में हाल ही में एक कोचिंग संस्थान में हुई दुखद आगजनी की घटना को गंभीरता से लेते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर की सुरक्षा के दृष्टि से अहम निर्णय लिया है। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने पूरे यूनिवर्सिटी कैंपस का व्यापक फायर ऑडिट (अग्नि सुरक्षा निरीक्षण) कराने का फैसला किया है, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की घटना को रोका जा सके।

इस पर कुलपति प्रो. जेपी सैनी का कहना है कि परिसर में पढ़ने वाले हजारों छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों, शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की सुरक्षा और उनका कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। लखनऊ की हालिया घटना हमारे लिए एक गंभीर चेतावनी है। इस फायर ऑडिट के माध्यम से हम सभी शैक्षणिक विभागों, प्रयोगशालाओं, छात्रावासों और पुस्तकालयों में अग्नि सुरक्षा के इंतजामों की नए सिरे से तकनीकी समीक्षा कर रहे हैं। सुरक्षा मानकों में किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फायर ऑडिट के बाद शासन के निर्देशानुसार त्वरित कार्यवाही होगी। इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के लिए अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा 13 जून को ही विश्वविद्यालय के समस्त विभागों को एक आधिकारिक पत्र जारी किया जा चुका था।

## AMRIT VICHAR

# लविवि कराएगा फायर ऑडिट

अमृत विचार, लखनऊ: अलीगंज मे भीषण अग्निकांड के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय भी सजग हो गया है। कुलपति ने परिसर समेत विभागों, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं का फायर ऑडिट का फैसला किया है। ऑडिट रिपोर्ट प्रदेश सरकार को भी भेजी जाएगी। संबद्ध महाविद्यालयों को भी सुरक्षा मानकों के पालन और फायर ऑडिट करने का निर्देश दिए गए हैं। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कहा है कि परिसर में पढ़ने वाले हमारे हजारों छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों, शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की सुरक्षा और उनका कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हालांकि अधिष्ठाता ने 13 जून को ही विश्वविद्यालय के समस्त विभागों को अग्निशामक यंत्रों की वर्तमान स्थिति, उनकी कार्यशीलता और संख्या के संबंध में रिपोर्ट देने के लिए पत्र जारी कर दिया था।

## DAINIK JAGRAN

# एमबीए में बढ़ीं सीटें, एकेडमिक कैलेंडर को मंजूरी

प्रोफेसर जेपी सैनी की अध्यक्षता में हुई कार्य परिषद की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

जागरण संवाददाता • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में संचालित एमबीए की सीटों में इजाफा हो गया है। स्ववित्तपोषित योजना के अंतर्गत इस कोर्स में 75 सीटों का अतिरिक्त सेक्शन खोला जाएगा। इसके बाद सीटों की संख्या 225 से बढ़कर 300 हो जाएगी। इस सुविधा से अधिक लोगों को प्रवेश का मौका मिल सकेगा। यह निर्णय मंगलवार को कुलपति प्रोफेसर जेपी सैनी की अध्यक्षता में हुई कार्य परिषद की बैठक में लिया गया। इस अवसर पर नए सत्र के शैक्षणिक कैलेंडर, कंप्यूटर साइंस विभाग में शिक्षकों के नए पदों का सृजन सहित कई प्रस्ताव को अनुमोदन दिया गया है।

कंप्यूटर साइंस विभाग में अनुबंधित शिक्षकों के पद सृजन के प्रस्ताव पर कार्य परिषद ने सैद्धांतिक सहमति दे दी है। इस प्रस्ताव को आगे की आवश्यक कार्यवाही के लिए वित्त समिति को भेजा गया है। विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के दो और और असिस्टेंट प्रोफेसर के 13 पद स्ववित्त पोषित योजन के अन्तर्गत सृजित किए जाने हैं, जिससे विभाग में शिक्षकों की कमी दूर होगी और शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार आएगा।

**समान अवसर सेल की गाइडलाइंस जारी:** विश्वविद्यालय में समान अवसर सेल के दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। यह सेल सुनिश्चित करेगा कि कैंपस के प्रत्येक विद्यार्थी, शोधार्थी व स्टाफ को बिना किसी भेदभाव के सभी शैक्षणिक संसाधनों, छात्रवृत्तियों व करियर के अवसरों में बराबर की हिस्सेदारी मिले। साथ ही वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को शैक्षणिक, वित्तीय व करियर संबंधी मार्गदर्शन एवं काउंसिलिंग के लिए एक सिंगल-विंडो सपोर्ट और शिकायत निवारण तंत्र के रूप में कार्य करेगा। इस विशेष समिति का गठन कुलपति करेंगे, जिसमें कुल चार सदस्य (एक अध्यक्ष व तीन अन्य सदस्य) शामिल होंगे। वहीं, कम्युनिटी एजुकेशनल डेवलपमेंट सेल के दिशा-निर्देशों को भी मंजूरी दी है।

**जारी की प्रस्तावित समय सारिणी:** लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2026-27 के स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षाओं की प्रस्तावित समय सारिणी जारी कर दी। 14 पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएं छह से 12 जुलाई तक होंगी। शास्त्री, बी.ए/बी.एससी योग, होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलाजी, बी.फार्म, बी.फार्म लेट्रल एंट्री की प्रवेश प्रक्रिया बाद में जारी की जाएगी। विश्वविद्यालय ने स्नातक कोर्सों में आवेदन के लिए 28 जून तक समय बढ़ाया है।

### 30 तक देनी होगी पीएचडी सीटों की संख्या

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सभी विभागाध्यक्षों को पत्र जारी कर सत्र 2026-27 के पीएचडी प्रवेश के लिए सीटों की रिवाइज्ड संख्या मांगी है। इसके लिए 30 जून तक समय दिया गया है। कुलसचिव डा. भावना मिश्रा ने इस संबंध में पत्र जारी किया है। वि.

### आइओक्यूएम के लिए 26 तक करें नामांकन

जासं • लखनऊ: गणित के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा प्रदर्शित के लिए इंडियन ओलंपियाड क्वालीफायर इन मैथमेटिक्स (आइओक्यूएम) के लिए विद्यालयों और विद्यार्थियों के नामांकन शुरू हो गए। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से सभी विद्यालयों को अधिक से अधिक नामांकन करने के निर्देश दिए हैं। मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डा. दिनेश कुमार ने बताया कि किसी माध्यमिक विद्यालय को परीक्षा केंद्र के रूप में पंजीकृत कराने की अंतिम तिथि 26 जून है। विद्यार्थी 25 जुलाई तक स्वयं आनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। छह सितंबर को सुबह बजे से प्रतियोगिता होगी। विद्यार्थी वेबसाइट https://www.mtai.org.in/ioqm 2026 पर सीधे आवेदन कर सकते हैं। संयुक्त शिक्षा निदेशक डा. प्रदीप कुमार ने बताया कि राजधानी के अलावा हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, सीतापुर और लखीमपुर खीरी के जिला विद्यालय निरीक्षकों को अधिक से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन कराने के निर्देश दिए हैं।

### एमसीक्यू आधारित होगी प्रवेश परीक्षा

प्रवक्ता प्रो. मुकुल श्रीवास्तव के अनुसार स्नातक प्रवेश परीक्षाएं बहु-विकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) आधारित होंगी। प्रत्येक प्रश्न पत्र 100 अंकों का होगा। हर प्रश्न के लिए दो अंक निर्धारित होंगे। निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। सभी कोर्सों की प्रवेश परीक्षा 90 मिनट की होगी। प्रवेश परीक्षा के लिए सिलेबस भी जारी कर दिया गया है।

### शिक्षक भर्ती परीक्षा तीन को

लखनऊ : डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में भौतिक विज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा तीन जुलाई को होगी। इसका समय दोपहर तीन से शाम चार बजे तक रहेगा। दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों को 20 मिनट अतिरिक्त दिए जाएंगे। अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र 29 जून को वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे। कुलसचिव रोहित सिंह ने इसकी सूचना वेबसाइट पर जारी की है। वि.

## NBT

# LU : MBA में बढ़ीं 75 सीटें, CS विभाग में भर्ती होंगे 15 नए शिक्षक

कुलपति प्रो. जेपी सैनी की अध्यक्षता में लगी फैसलों पर मुहर

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

लखनऊ यूनिवर्सिटी (LU) के मुख्य परिसर में नए सत्र से मैनेजमेंट की पढ़ाई करने वाले छात्रों को बड़ा मौका मिलने जा रहा है। व्यावसायिक शिक्षा की बढ़ती मांग को देखते हुए यूनिवर्सिटी कार्य परिषद (EC) की महत्वपूर्ण बैठक में सेल्फ फाइनेंस स्कीम (SFS) के तहत एमबीए पाठ्यक्रम में 75 सीटों के एक अतिरिक्त सेक्शन को मंजूरी दे दी गई है। कुलपति प्रो. जेपी सैनी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में नए शैक्षणिक सत्र को पटरी पर लाने, रोजगारपरक कोर्सों के विस्तार और कैंपस में सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कई दूरगामी फैसले लिए गए।

**LU में युवाओं के लिए खुशखबरी**
नए शैक्षिक कैलेंडर और इक्वल अपॉर्चुनिटी सेल (EOC) को भी हरी झंडी

**कैंपस में क्या बदलेगा?**

**सीटों में इजाफा:** एमबीए कोर्स में 75 सीटों का नया सेक्शन शुरू होगा।
**शिक्षकों के नए पद:** कंप्यूटर विज्ञान विभाग में शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए असोसिएट प्रोफेसर के 2 और असिस्टेंट प्रोफेसर के 13 पदों (SFS के तहत) पर सैद्धांतिक सहमति बन गई है। इसे अंतिम मंजूरी के लिए वित्त समिति को भेजा गया है।



**6 से होंगी प्रवेश परीक्षाएं**

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : लखनऊ यूनिवर्सिटी ने सत्र 2026-27 के स्नातक (UG) पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा (UGET-2026) का संभावित परीक्षा कार्यक्रम और पाठ्यक्रम जारी कर दिया है। विवि प्रशासन की ओर से जारी कार्यक्रम के मुताबिक, यूजी प्रवेश परीक्षाएं 6 जुलाई से शुरू होकर 12 जुलाई तक चलेंगी। परीक्षा दो पालियों (सुबह 10:30 से 12:00 बजे और दोपहर 2:30 से 4:00 बजे) में आयोजित की जाएंगी।

**नहीं होगी निगेटिव मार्किंग**

- 90 मिनट में करने होंगे 100 सवाल
- प्रवेश परीक्षा बहुविकल्पीय प्रश्न आधारित होगी
- हर कोर्स की परीक्षा में कुल 100 पूछे जाएंगे
- हर सही उत्तर के लिए 2 अंक दिए जाएंगे
- परीक्षा में निगेटिव मार्किंग नहीं होगी
- परीक्षा की अवधि 90 मिनट (डेढ़ घंटा) होगी।

**परीक्षा का शेड्यूल**

- 6 जुलाई BJMC, B.El.Ed.
- 7 जुलाई B.Voc (Renewable Energy), BFA / BVA.
- 8 जुलाई B.Com. (Hons.), B.Com.
- 9 जुलाई LLB (5 Years Integrated), BBA
- 10 जुलाई D.Pharm, B.Sc. (Agriculture)
- 11 जुलाई B.Sc. (Biology), B.A
- 12 जुलाई BCA, B.Sc. (Maths)

ये निर्णय विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के अनुरूप अधिक संवेदनशील, समावेशी और उत्कृष्ट संस्थान बनाने में मील का पत्थर साबित होंगे। -प्रो. जे.पी. सैनी, कुलपति

**समय पर पढ़ाई और परीक्षा:** उत्तर प्रदेश शासन की ओर से जारी आगामी सत्र के शैक्षिक कैलेंडर को हरी झंडी दे दी गई है, जिससे यूनिवर्सिटी में एडमिशन, क्लासेस, परीक्षाएं टाइम पर हो सकेंगी। **भेदभाव रोकने के लिए बना 'सिंगल-विंडो' सिस्टम:** कैंपस में सामाजिक समरसता और विविधता बढ़ाने के लिए कार्य परिषद ने इक्वल अपॉर्चुनिटी सेल (EOC) की गाइडलाइंस को मंजूरी दी है। यह सेल वंचित वर्गों (SC, ST, OBC, महिला, अल्पसंख्यक और दिव्यांग) के छात्रों को समान अवसर देने, किसी भी तरह के भेदभाव को रोकने और उन्हें स्कॉलरशिप व करियर काउंसलिंग मुहैया कराने के लिए एक 'सिंगल-विंडो सिस्टम' के रूप में काम करेगा।

**गांवों को डिजिटल बनाएगा 'कम्युनिटी सेल'**
यूनिवर्सिटी ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को निभाते हुए कम्युनिटी एजुकेशनल डेवलपमेंट सेल (CEDC) के नियमों को भी स्वीकृति दे दी है। कुलपति के सीधे संरक्षण में काम करने वाला यह सेल यूनिवर्सिटी द्वारा गोद लिए गए गांवों और बस्तियों में डिजिटल और जीवन-कौशल (लाइफ स्किल्स) साक्षरता अभियान चलाएगा। इस अनूठी पहल में यूनिवर्सिटी के शिक्षक, छात्र, ग्राम प्रधान और एनजीओ के प्रतिनिधि मिलकर जमीन पर काम करेंगे।

## AMRIT VICHAR

# लविवि में एमबीए में बढ़ी सीटें, कंप्यूटर साइंस में नए पदों का हुआ सृजन

शैक्षणिक कैलेंडर, सिंगल विंडो और समान अवसर सेल भी बनाए गए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय में एमबीए पाठ्यक्रम में सीटों की संख्या में इजाफा किया गया है तो कम्प्यूटर साइंस विभाग में शिक्षकों की संख्या भी बढ़ाई गई है। इसके अलावा लंबे समय से छात्रों की चली आ रही सिंगल विंडो की मांग को भी पूरा कर दिया गया है। लखनऊ विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक स्तर को सुदृढ़ करने, छात्रों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने तथा सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने के उद्देश्य से कई बड़े व दूरगामी निर्णय लिए गए।

विश्वविद्यालय में बढ़ते प्रवेश रुझान और व्यावसायिक शिक्षा की मांग को देखते हुए एमबीए विभागाध्यक्ष के प्रस्ताव पर मुख्य परिसर में स्ववित्त पोषित योजना के अंतर्गत एमबीए पाठ्यक्रम में 75 सीटों के एक अतिरिक्त सेक्शन को खोलने की अनुमति प्रदान की गई है। कंप्यूटर विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा प्रेषित अनुबंधित शिक्षकों के पद सृजन के प्रस्ताव पर कार्य परिषद ने सैद्धांतिक सहमति दे दी है। अब विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के 2 पद और असिस्टेंट प्रोफेसर के 13 पद स्ववित्त पोषित योजन के अन्तर्गत सृजित किए जाने हैं, जिससे विभाग में शिक्षकों की कमी दूर होगी और शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार आएगा।

- विश्वविद्यालय कार्य परिषद की बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय

**शैक्षिक कैलेंडर का अनुमोदन:** आगामी सत्र के शैक्षिक कैलेंडर का भी पूर्ण अनुमोदन कर दिया है। इसके तहत विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों में प्रवेश, कक्षाओं के संचालन और परीक्षाओं का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे छात्रों का शैक्षणिक सत्र नियमित रूप से संचालित हो सके।

**मुख्य जिम्मेदारियां और सिंगल-विंडो तंत्र:** छात्रों को शैक्षणिक, वित्तीय व करियर संबंधी मार्गदर्शन एवं काउंसलिंग प्रदान करने के लिए एक सिंगल-विंडो सपोर्ट और शिकायत निवारण तंत्र के रूप में कार्य करेगा। इसके साथ ही यह सेल विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और कैंपस में विविधता को बढ़ावा देने के लिए कार्यशालाओं व जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी करेगा।

### समान अवसर सेल की गाइडलाइंस को मंजूरी

- सामाजिक समरसता, विविधता और समावेशी वातावरण को बढ़ावा देने के लिए 'इक्वल अपॉर्चुनिटी सेल' का गठन किया गया है। सेल का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों, महिलाओं और दिव्यांगजनों जैसे वंचित व हाशिए पर मौजूद समूहों को समान अवसर प्रदान करना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है।

## SWATANTRA BHARAT

# लविवि परिसर का होगा फायर ऑडिट

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। राजधानी लखनऊ में हाल ही में एक कोचिंग संस्थान में हुई दुखद आगजनी की घटना को गंभीरता से लेते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर की सुरक्षा के दृष्टिगत एक अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कुलपति प्रो जेपी सैनी ने पूरे यूनिवर्सिटी कैंपस का व्यापक फायर ऑडिट (अग्नि सुरक्षा निरीक्षण) कराने का फैसला किया है, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को पूरी तरह रोका जा सके। कुलपति प्रो जेपी सैनी ने बताया कि परिसर में पढ़ने वाले हमारे हजारों छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों, शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की सुरक्षा और उनका कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। लखनऊ की हालिया घटना हमारे लिए एक गंभीर चेतावनी है। इस फायर ऑडिट के माध्यम से हम सभी शैक्षणिक विभागों, प्रयोगशालाओं, छात्रावासों और पुस्तकालयों में अग्नि सुरक्षा के इंतजामों की नए सिरे से तकनीकी समीक्षा कर रहे हैं। सुरक्षा मानकों में किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## I NEXT

# एलयू में 30 तक देनी होगी पीएचडी सीटों की संख्या

**LUCKNOW (23 June):** लखनऊ विश्वविद्यालय ने सभी विभागाध्यक्षों को पत्र जारी कर सत्र 2026-27 के पीएचडी प्रवेश के लिए सीटों की रिवाइज्ड संख्या मांगी है. इसके लिए 30 जून तक समय दिया गया है. कुलसचिव डा. भावना मिश्रा ने इस संबंध में पत्र जारी किया है.

## HINDUSTAN TIMES

# LU-EC APPROVES 75 NEW MBA SEATS, 15 FACULTY POSTS

**LUCKNOW :** Lucknow University's executive council cleared 75 additional self-financed seats in the MBA programme at the main campus on Monday.

The proposal was moved by the head, department of management to meet rising demand for professional courses.

For computer science, the council approved creating 15 contractual teaching posts under the self-financed scheme to address faculty shortage.

It includes 2 posts of associate professors and 13 posts of assistant professors. HTC

THE PROPOSAL HAS NOW BEEN REFERRED TO THE FINANCE COMMITTEE FOR FURTHER ACTION.

## TIMES OF INDIA

# LU lays guidelines for equal opportunity cell; approves self-finance MBA course

Times News Network

**Lucknow:** The executive council (EC) of Lucknow University (LU) on Tuesday cleared guidelines for the equal opportunity cell and the community educational development cell. "New guidelines will ensure equal access for SC, ST, OBC, minority, women and people with disabilities through grievance redressal and a single window support systems," said LU vice-chancellor, Prof JP Saini, adding that framework for community educational development cell will strengthen outreach in villages and urban slums through literacy and skill development programmes.

**EXECUTIVE PANEL**

The management also approved the proposal to start MBA course under the self-finance scheme with 75 seats. Besides, new teaching posts in the computer science department - two associate professor and 13 assistant professors - were approved. The EC also okayed the academic calendar issued by the UP govt.